<u>सूचना</u>

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने अपने पत्र द्वारा बरेली में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के दो पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से जो धारा 13 दं0प्र0सं0 के अनुसार पात्रता रखते हों, प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये हैं ।

इस सम्बन्ध में निशुल्क आवेदन पत्र का प्रारूप एवं पात्रता आदि के सम्बन्ध में सूचना जनपद न्यायाधीश बरेली के प्रशासनिक कार्यालय में श्री रतन कुमार, प्रशासनिक लिपिक से प्राप्त की जा सकती है ।

निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र, योग्यता/अनुभव आदि के प्रमाण पत्रों एवं पांच वर्ष की चरित्र पंजिका की प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतिलिपि सहित जनपद न्यायाधीश के प्रशासनिक कार्यालय में 24 मई 2008 तक जमा किये जा सकते हैं । उसके बाद आवेदन पत्र किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

आवेदन पत्र का प्रारूप बेबसाइट ूूूण्‌ंसींइंकीपहीबवनतजण्पद पर भी उपलब्ध है ।

दिनांकः मई, 2008

(योगेन्द्र कुमार सिंघल)
जनपद न्यायाधीश,
बरेली ।

प्रेषक,

जनपद न्यायाधीश,
बरेली ।

सेवा में,

उप निदेशक सूचना
बरेली ।

पत्रांकः /प्रथम दिनांकःबरेलीःमई ,2008

विषयः माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश दिनांक मार्च 20, 2008 के अनुसार राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु न्यूज विज्ञप्ति ।

महोदय,

उपरोक्त विषय से सम्बन्धित एक सूचना विज्ञप्ति संलग्न करते हुये अनुरोध है कि कृपया इसे निशुल्क रूप में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर प्रकाशन की प्रतिलिपियां यथाशीघ्र इस विभाग को भिजवाने का कष्ट करें ।

भवदीय,

संलग्नकःउपरोक्तानुसार

(योगेन्द्र कुमार सिंघल)
जनपद न्यायाधीश,
बरेली ।